# 'राजयोग पद्धति' द्वारा नशे से सहज होंगे मुक्त: अधीक्षक



**जिला पुलिस अधीक्षक नीतिका गहलोत ने 'मेरा गांव नशा मुक्त गांव अभियान' का झंडी दिखाकर किया शुभारंभ**

**यह अभियान बाढडा व झोझूकलां खंड के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों व गांव-गांव में जाकर सभी को नशा छोड़ने के लिए करेगा प्रेरित।**

**कादमा-हरियाणा।** ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र में संस्थान के मेडिकल विंग और भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत 'मेरा गांव नशा मुक्त गांव' अभियान के उद्घाटन समारोह में जिला पुलिस अधीक्षक नीतिका गहलोत ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ में सिखाए जाने वाला राजयोग मेडिटेशन अपने आप में एक ऐसी पद्धति है जिससे सहज ही व्यसनों रूपी राक्षस से मुक्ति पाई जा सकती है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस श्रेष्ठ कार्य में जब ब्रह्माकुमारी बहनें आगे आएंगी तो उनकी प्रेरणा और शक्ति से नशा करने वाले युवा सहजतापूर्वक इससे मुक्त होंगे। सीएमओ डॉ. विनोद कुमार ने नशे से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कुप्रभावों के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि मेडिटेशन नशा मुक्त जीवन के लिए रामबाण औषधि है। उप पुलिस अधीक्षक देशराज,बाढडा ने अभियान के प्रति अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान का युवा निर्माण के लिए सकारात्मक प्रयास अवश्य सफल होगा। क्षेत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु. वसुधा बहन ने कहा कि अध्यात्म या मेडिटेशन हमें आंतरिक रूप से मज़बूत बनाता है जिससे हम इस नशे रूपी राक्षस से सहज छुटकारा पा सकते हैं। कमज़ोर मनोबल के कारण ही हम इन व्यसनों में लिप्त होते हैं। ब्र.कु. ज्योति बहन ने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया एवं ब्र.कु. नीलम बहन ने नशा छोड़ने की शपथ दिलाई। कादमा सरपंच प्रतिनिधि महेश फौजी ने सभी का स्वागत करते हुए अपने विचार रखे। कार्यक्रम में डॉ. आशीष मान, सुधीर शर्मा सरपंच रामदास लीलाराम कान्हड़ा सरपंच, विकास सरपंच माई कलां, पवन कुमार सरपंच व पूर्व सरपंच जिले सिंह झोझू खुर्द, जिला पार्षद प्रतिनिधि अशोक कुमार सहित विभिन्न गांवों के सरपंच व सैंकड़ो ग्रामीण प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। मंच का सफल संचालन ब्र.कु. सुनील भाई ने किया।

## पीसपार्क हॉल में न्यूज़ पोर्टल का भव्य शुभारंभ

# 'खुली किताब' आम व्यक्ति की बुलंद आवाज़ बन देश को मज़बूत करेगा

**गांधीनगर कल्चरल फोरम के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत जहा ने पत्रकारिता को परिभाषित करते हुए कहा कि राम अर्थात् सत्य और पत्रकार अर्थात् सत्य की खोज। पत्रकार निरंतर मंथन के साथ राम(सत्य) की खोज में लगा रहता है। उन्होंने हनुमान को इस पृथ्वी पर पहला सकारात्मक पत्रकार बताते हुए कहा कि हनुमान ने सीता की खोज की, सेतु का निर्माण किया और रावण के साथ जंग की शुरुआत की। यही सच्चे मायने में पत्रकार का धर्म है, कर्त्तव्य है।**

**गांधीनगर से.28-गुज.।** ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र के पीसपार्क हॉल में 'खुली किताब' न्यूज़ पोर्टल का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विशेष रूप से शामिल गांधीनगर(उत्तर) की विधायक रीटाबेन पटेल ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में मीडिया का कार्य क्रांतिकारी होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति का जीवन भी खुली किताब की तरह होना चाहिए। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि 'खुली किताब' न्यूज़ पोर्टल देश के विकास में न केवल अपना योगदान प्रदान करेगा बल्कि आम व्यक्ति की बुलंद आवाज़ बनकर देश को मज़बूत करेगा। गुजरात राज्यपाल के प्रेस सचिव हीरेन भट्ट ने कहा कि पत्रकार के लिए निरंतर जन हित में निष्पक्ष समाचार को एकत्रित कर जन-जन तक पहुंचाना बड़ा कठिन कार्य है। भट्ट ने कहा कि समाज में 'खुली किताब' न्यूज़ पोर्टल की भागीदारी एक क्रांतिकारी ज़रिया साबित होगी और अपने उद्देश्य में सफल होगी। राजयोगिनी ब्र.कु. तारा दीदी ने वरिष्ठ राजयोगिनी ब्र.कु. कैलाश दीदी का शुभेच्छा संदेश देते हुए कहा कि आदरणीय कैलाश दीदी के मार्गदर्शन में लोकार्पित 'खुली किताब' न्यूज़ पोर्टल निरंतर सत्य की खोज के साथ समाज के हरेक वर्ग के कल्याण में भागीदारी के साथ निष्पक्ष रूप में सेवा प्रदान करेगी। वरिष्ठ पत्रकार तुषार कोठारी ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं। स्थानीय सेवाकेन्द्र की राजयोग शिक्षिका ब्र.कु. कृपल बहन ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।



**'खुली किताब' न्यूज़ पोर्टल के संस्थापक संपादक नीलेश कटारिया ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि खुली किताब न्यूज़ पोर्टल की टीम ज़िम्मेदारी के साथ समृद्ध और सुरक्षित समाज के निर्माण के साथ-साथ सत्य, न्याय और जागरुकता के माध्यम से लोगों को जोड़ने में निरंतर प्रयासरत रहेगी।**

# संस्कार परिवर्तन का आधार है हमारा योगबल



**रिफ्रेशर कोर्स कराने रशिया से रायपुर पहुंची राजयोगिनी ब्र.कु. संतोष दीदी**

**रायपुर-छ.ग.।** सोवियत गणराज्य रूस स्थित ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्रों की निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. संतोष दीदी ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के सदस्यों को रिफ्रेशर कोर्स कराने के लिए रायपुर पहुंचीं। वे विगत 34 वर्षों से रूस में अपनी सेवाएं दे रही हैं। उनके रायपुर आने पर ब्रह्माकुमारीज़ के शान्ति सरोवर रिट्रीट सेंटर में 'निर्विघ्न योगी जीवन' विषय पर आयोजित रिफ्रेशर कोर्स के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत देव भूमि है। यह सर्व आत्माओं के पिता परमात्मा की अवतरण भूमि है। इसलिए यहाँ की सनातन संस्कृति सभी के मन को लुभाती है। आगे संतोष दीदी ने कहा कि जीवन में श्रेष्ठता लाने के लिए हमें संस्कारों को परिवर्तन कर उसे श्रेष्ठ बनाना होगा। संस्कार परिवर्तन का आधार हमारा योगबल है। योगबल माना एक परमात्मा से प्रीत की लगन में मगन अवस्था। उन्होंने कहा कि राजयोग इस शरीर रूपी गाड़ी को चलाने की कला है। जब हम अपना तन, मन, धन, समय और संकल्प ईश्वर को समर्पित कर देते हैं तब उनसे योग लगाना सहज हो जाता है। इस मौके पर ब्रह्माकुमारीज़ इन्दौर ज़ोन की क्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. हेमलता दीदी, राजयोगिनी ब्र.कु. आशा दीदी, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सविता दीदी सहित बड़ी संख्या में ब्र.कु. भाई-बहनें मौजूद रहे।

## 'सकारात्मक सोच से तनाव मुक्त जीवन' व 'नशा मुक्त भारत अभियान' की लॉन्चिंग पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ने कहा...

# जीवन में नियम संयम और धैर्यता द्वारा ही रह सकते हैं तनाव मुक्त

**ओम प्रकाश धनखड़,राष्ट्रीय सचिव भाजपा ने ब्रह्माकुमारी बहनों को कलश देकर किया अभियान का शुभारंभ**

**डिलाइट फॉर एवर बैंक्विट हॉल में हुआ लॉन्चिंग कार्यक्रम का भव्य आयोजन**

**1200 लोगों ने कार्यक्रम में लिया भाग**

**फरीदाबाद से.46-हरियाणा।** अभियान का शुभारंभ करने के पश्चात् मुख्य अतिथि ओम प्रकाश धनखड़,राष्ट्रीय सचिव भाजपा ने इस श्रेष्ठ कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जीवन में नियम, संयम, धैर्यता द्वारा ही हम तनाव मुक्त रह सकते हैं। तिगांव के विधायक राजेश नागर एवं राजकुमार बोहरा,जिला अध्यक्ष भाजपा भी इस कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल हुए एवं अपनी शुभकामनायें दी। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता राजयोगिनी ब्र.कु. आशा दीदी,डायरेक्टर,ओम शांति रिट्रीट सेंटर,गुरुग्राम ने बताया कि तनाव मुक्त जीवन के लिए स्वयं का प्रबंधन, सकारात्मक चिंतन और राजयोग मेडिटेशन का नियमित अभ्यास करना होगा। दिल्ली लोधी रोड से आए राजयोगी ब्र.कु. पीयूष भाई ने बताया कि मन को शक्तिशाली बनाकर नशीले पदार्थों से मुक्त हो सकते हैं। ब्र.कु. मधु बहन, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ने सभी को राजयोग का अभ्यास कराया और कहा कि रोज़ 30 मिनट राजयोग का अभ्यास ज़रूर करना चाहिए। ब्र.कु. हरीश दीदी,सेक्टर 19 ने शब्दों से सभी का स्वागत किया। एडवोकेट आशा रानी ने अपना अनुभव सुनाते हुए कहा कि मैंने राजयोग से अपने जीवन में काफी बदलाव पाया। उन्होंने आह्वान किया कि सभी ब्रह्माकुमारीज़ सेंटर पर जाकर राजयोग मेडिटेशन ज़रूर सीखें। ब्र.कु. आशीष भाई ने जादू के करतब दिखा कर सबका मनोरंजन किया। ब्र.कु. ज्योति भाई, बल्लभगढ़ ने मंच का कुशल संचालन किया। ब्र.कु. उषा दीदी,एनआईटी फरीदाबाद ने सभी का धन्यवाद किया। ब्र.कु. आशा दीदी ने सभी अतिथियों को शॉल व ईश्वरीय सौगात भेंट की। कार्यक्रम में गोपाल शर्मा, संदीप जोशी, प्रेम खट्टर, रिटा. एसीपी दर्शन लाल सहित लगभग 1200 भाई-बहनों ने भाग लिया।




RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/24-26, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2024-26, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 12th Feb, 2024
स्वामी - आर.ई.आर.एफ, प्रकाशक, सम्पादक एवं मुद्रक- गंगाधर नरसिंघानी द्वारा कैपिटल ऑफसेट, L 801-I, Sector-28, GIDC Gandhinagar(Guj.) से मुद्रित एवं ओमशान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित।
कार्यालय - ओमशान्ति मीडिया
ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन,- 307510
See Latest News
www.omshantimedia.org